विधायक ओमप्रकाश हुडला का भाई नकल करवाने डमी कैंडिडेट लाया, दोनों गिरफ्तार

शिवदासपुरा स्थित वीआईटी कॉलेज में मल्टी टास्किंग स्टाफ भर्ती परीक्षा का मामला

जयपुर (कासं)। शिवदासपुरा थाना पुलिस कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) भर्ती परीक्षा में असली अभ्यर्थी के स्थान पर डमी अभ्यर्थी को परीक्षा दिलवाने लाए निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुडला के भाई और डमी कैंडिडेट को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

इसके साथ ही जिस व्यक्ति के स्थान पर डमी कैंडिडेट को परीक्षा दिलवाने लाया गया था, उसकी भी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण योगेश गोयल में बताया कि कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित एमटीएस भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी और शिवदासपुरा इलाके में वीआईटी कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने पहुंचे डमी अभ्यर्थी को दस्तावेज में फोटो का मिलान नहीं होने पर पकड़ा गया।

- **पुलिस ने डमी कैंडिडेट से पूछताछ की तो उसने खुद का नाम यूपी निवासी ऋषि कुमार बताया और अभ्यर्थी उमेश कुमार के स्थान पर परीक्षा देने की बात कबूली**
- **आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे परीक्षा केंद्र तक विधायक का भाई हरिओम मीणा लेकर आया है और उसी के कहने पर ही उमेश के स्थान पर परीक्षा दे रहा है**

डमी कैंडिडेट से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम यूपी निवासी ऋषि कुमार बताया और उमेश कुमार नामक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने की बात कबूली। वहीं आरोपी ने पूछताछ में यह बताया कि उसे परीक्षा केंद्र तक हरिओम मीणा नामक व्यक्ति लेकर आया है और हरिओम के कहने पर ही वह उमेश के स्थान पर परीक्षा दे रहा। जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए परीक्षा केंद्र के बाहर से हरिओम मीणा निवासी मालवीय को गिरफ्तार किया। जब पुलिस ने हरिओम मीणा से पूछताछ की तो पता चला कि वह विधायक ओमप्रकाश हुड़ला का सगा भाई है। फिलहाल पुलिस गिरफ्त में आए दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और डमी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठाने के पीछे कोई संगठित गिरोह तो काम नहीं कर रहा है इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही असली अभ्यर्थी उमेश कुमार की भी तलाश की जा रही है।

शिवदासपुरा पुलिस ने मल्टी टास्किंग स्टाफ भर्ती परीक्षा के डमी अभ्यर्थी और उसे परीक्षा दिलाने लाए विधायक ओमप्रकाश हुडला के भाई को गिरफ्तार किया।

सरकार में शामिल लोग ही बेरोजगारों के सपने चकनाचूर कर रहे : डॉ. किरोड़ीलाल

जयपुर । राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि शिवदासपुरा थाने ने परीक्षा में धांधली करते हुए जिस हरिओम मीणा को गिरफ्तार किया है। वह सरकार समर्थित निर्दलीय विधायक का सगा भाई है। विधायक पर भी पूर्व में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने का मुकदमा दर्ज हो चुका है। साफ है कि नकल गिरोह के सरगना ऐसे ही मगरमच्छ हैं। मीणा ने शुरुआत से प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में हो रहे धांधली की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार इसके लिए इंकार करते हैं, क्योंकि सरकार को नकल माफिया को संरक्षण है। सरकार में शामिल व इसे बचाने वाले ही बेरोजगारों के सपने चकनाचूर कर रहे हैं।

चांदपोल के पब्लिक टॉयलेट में मिला भ्रूण

जयपुर (कासं)। चांदपोल स्थित पब्लिक टॉयलेट में मानव भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। कपड़े के अंदर थैली में बांधकर भ्रूण को पब्लिक टॉयलेट के अंदर दीवार पर रखा था। संजय सर्किल थाना पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात परिजनों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि झुंझुनूं के भरगडो की ढाणी बगड़ निवासी सांवर मल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह चांदपोल में श्रीबालाजी ज्यूस सेंटर के नाम से शॉप करता है। शाम करीब 4 बजे हनुमान ढाबे के सामने पब्लिक टॉयलेट में गया था। टॉयलेट की दीवार पर कपड़े में कुछ लिपटा हुआ रखा था। जिसमें हल्की बदबू उठ रही थी। शक होने पर कपड़े को उतारकर देखा। उसके अंदर एक नीली थैली में मानव भ्रूण बंधा मिला। पब्लिक टॉयलेट में मानव भ्रूण मिलने का पता चलने पर सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआयना कर भ्रूण को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए भ्रूण को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि भ्रूण करीब 7 महीने का है। पूरी तरह विकसित हो चुका भ्रूण लड़के का है। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ अज्ञात माता-पिता की तलाश की जा रही है।

गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के पांच शॉर्प शूटर दबोचे

आरोपियों ने रोड कॉन्ट्रैक्टर से मांगी थी 17 करोड़ रुपये की रंगदारी

शिप्रापथ पुलिस ने मंगलवार को बीकानेर के हार्डकोर बदमाश रोहित गोदारा गैंग के पांच शार्प शूटर गिरफ्तार किये।

जयपुर । शिप्रापथ थाना पुलिस ने बीकानेर के हार्डकोर बदमाश रोहित गोदारा के पांच शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों ने जयपुर के व्यापारी को जान से मारने की धमकी देकर 17 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर रोहित के गुर्गे अमरजीत विश्नोई समेत पांच बदमाशों को दबोच लिया।

- **पुलिस अब तक इस मामले में 12 बदमाशों को पकड़ चुकी है**

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि वैशाली नगर निवासी नरेन्द्र शर्मा रोड कन्सट्रक्सन कांट्रैक्टर है। उसका ऑफिस एसएफएस मानसरोवर में है। 11 मई को नरेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दी की बीकानेर के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने वॉट्सऐप कॉल के जरिए अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल नंबर से उसे धमकी दी है। उसने कहा कि तुम मुस्ताक खां, शंकर सिंह, संदीप सिंह और शिवराज सिंह को 17 करोड रुपए दे देना, नहीं तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। बताए हुए बदमाश उसके ऑफिस पर आए और कर्मचारियों से मारपीट की कर 17 करोड रुपए नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस इस प्रकरण में अब तक 12 बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है।

शिप्रापथ पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए व्यापारी नरेन्द्र शर्मा को धमकी देने के मामले में आज केरिया का बास बगरू निवासी राकेश मेहता उर्फ रॉकी बागड़ा, तोलियासन थाना मंडावा झुंझुनूं निवासी शिवराजसिंह शेखावत, सोनवाली ढाणी कालख जोबनेर निवासी मुकेश कुमार यादव, लोहरवाड़ा जोबनेर निवासी बलेदव यादव और बीछवाल बीकानेर निवासी अमरजीत विश्नोई को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों को कल कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेगी।

घर-घर तिरंगा समारोह 10 दिन

जयपुर, (का.सं.)। आजादी के अमृत महोत्सव, आगामी 12 अगस्त को आने वाले संस्कृत दिवस और घर-घर तिरंगा अभियान के तहत राज्य सरकार इस बार दस दिवसीय समारोह आयोजित करेगी। ये समारोह 6 अगस्त से 15 अगस्त तक राजस्थान संस्कृत अकादमी और कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर में हाईब्रिड मोड पर आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान होने वाले कुल 12 आयोजनों में से 3 ऑनलाइन और 9 ऑफ लाइन मोड पर आयोजित किए जाएंगे। संस्कृत अकादमी के प्रशासक और संभागीय आयुक्त विकास सीताराम भाले ने बताया कि अकादमी इस बार राजस्थान में जन्में 65 वर्ष से अधिक आयु के उन विशिष्ठ योग्य जनों, विद्वानों, साहित्यकारों और भामाशाहों को 'आजीवन संस्कृत सेवा अलंकरण' प्रदान करेगा जिन्होंने संस्कृत की आजीवन रचनात्मक, क्रियात्मक और आर्थिक सेवा की है। सम्मानित की जाने वाली हस्तियों का चयन राज्य सरकार द्वारा गठित 5 सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा। इसके लिए बॉयोडाटा 3 अगस्त तक अकादमी को मेल करना होगा। विकास सीताराम भाले ने बताया कि इस दौरान आयोजित किए जाने वाले दस दिवसीय समारोह की शुरूआत 6 अगस्त को सुबह 11 बजे अकादमी संकुल में संस्कृत विषयक पोस्टर लोकार्पण से होगी, जबकि समापन 15 अगस्त को सुबह 11 बजे अकादमी संकुल में ही व्याख्यान से होगा।

कारगिल दिवस पर एनसीसी कैडेट्स की साइकिल रैली



एनसीसी कॉम्पलेक्स गांधी नगर से कैडेट्स ने साईकिल रैली निकाली।

जयपुर । एनसीसी मुख्यालय जयपुर के ग्रुप कमांडर कर्नल एस पी तिवारी के मार्गदर्शन में 75वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव, कारगिल विजय दिवस पर आज को एन.सी.सी कंपलेक्स गांधी नगर जयपुर में एनसीसी आर्मी एयर नेवी के बॉयज और गर्ल्स क्रेडिट जयपुर स्थित सभी यूनिट को ग्रुप कैप्टन डी एस जाखड़ कमांडिंग ऑफिसर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जयपुर ग्रुप के ट्रेनिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल नरेश, आर्मड बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल साकेत लाल, चीफ ऑफिसर नंदकिशोर शर्मा मीडिया प्रभारी, सहयोगी एन सी सीअधिकारियों, सूबेदार मेजर, जेसीओ, एनसीओ, स्टाफ उपस्थित थे। एन.सी.सी मीडिया प्रभारी नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि यह रैली शहर के मुख्य मार्ग कनोडिया सर्किल ,यूनिवर्सिटी, बिरला मंदिर, तीन मूर्ति सर्किल, अल्बर्ट हॉल पर जाकर एन सी सी कैडेट बड़े जोश और उत्साह के साथ भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे ..जैसे के नारे लगा रहे थे। रैली से अजमेरी गेट, महाराजा कॉलेज, एस एम एस हॉस्पिटल, रामबाग सर्किल, लाल कोठी, गांधी नगर, बजाज नगर, जवाहर कला होती हुई एनसीसी कंपलेक्स गांधी नगर जाकर संपन्न हुई।

52 लाख का सोना पकड़ा

जयपुर । जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने स्पाइस जेट की उड़ान से आए यात्री से 52 लाख से अधिक रुपए का सोना बरामद किया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने बताया कि स्पाइस जेट की उड़ान मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट पर उतरी। इस दौरान एक यात्री की सीट के कुशन के नीचे 1000 ग्राम वजन का 99.50 शुद्धता का एक सोने का बिस्किट मिला। यह काले रंग की प्लास्टिक शीट से लिपटा हुआ था। इस सोने की कीमत 52 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। जिस सीट पर सोना पाया गया था। उस पर बैठने वाले वाले यात्री की पहचान आगमन हॉल में बोर्डिंग पास की जांच करके की गई। इसके बाद उसे हिरासत में लिया।

'इंटर स्टेट उडानें जल्द शुरू हों'

जयपुर । जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने लोकसभा सत्र के दौरान नियम 377 के तहत कहा कि जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से वर्तमान में अन्तराष्ट्रीय व घरेलु सहित 71 उड़ानो का संचालन हो रहा है, परन्तु इन्टर स्टेट कनेक्टिवी की मात्र 2 उड़ान की है। जैसलमेर और जोधपुर के लिये पहले उड़ाने प्रारम्भ की गई थी, जो भी वर्तमान में बन्द है। इंटर स्टेट उड़ानें नही होने के कारण व्यापार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा नहीं मिल रहा है, इसलिए इंटरस्टेट सुविधा हो।

खुली जेल पर बनाई पहली एनीमेटिक फिल्म

जयपुर । प्रिजन एड एंड एक्शन रिसर्च (पार) द्वारा राजस्थान में खुली जेलों पर अपनी तरह की अनूठी पहली एनिमेटेड फिल्म बनाई गई है।

फिल्म का उद्देश्य सुधार के पक्ष में एक सार्वजनिक धारणा का निर्माण करना और बडे पैमाने पर बंद जेलों से खुली जेल प्रणाली में परिवर्तन को समर्थन देने की दिशा में काम करना है। इस फिल्म को यूट्यूब पर पार के ऑफिशियल चैनल पर देखा जा सकता है। फिल्म को एंजी और उपेश प्रधान ने डिजाइन किया है। सामाजिक मुद्दों पर अपने गीतों के लिए पहचाने जाने वाले संगीतकार सुस्मित बोस ने इसमें अपनी आवाज दी है। पार की संस्थापक, स्मिता चक्रवर्ती ने कहा कि "इस फिल्म को बनाने में हमें चार महीने लगे। जेल एक टैबू शब्द है। हमारे समाज की अवधारणाओं के परिणामस्वरूप, कैदियों को अलग नजर से देखा जाता है। हमारी एनीमेशन फिल्म का उद्देश्य कैदियों को लोगों की नजरों में मानवीय बनाना और जेल की स्थितियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। उन्हें जेल में कैद रखा जाता है। खुली जेलें इंसानों को कैद करके रखने के खिलाफ हैं। फिल्म देखने के बाद कई लोगों ने मुझे पत्र लिखकर कैद की ऐसी व्यवस्था के बारे में जानकारी मांगी है।

पत्थर की खान में दबने से दो मजदूरों की मौत

जयपुर । हरमाड़ा इलाके में मंगलवार सुबह पत्थर की खान के मलबे में दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। खान में काम करते समय 20 फीट ऊंचाई से पत्थर टूटकर दोनों पर गिरे थे। हरमाड़ा थाना पुलिस ने साथी मजदूरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने चौमूं सीएससी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए।

पुलिस ने बताया कि हादसे में सुदर्शनपुरा हरमाड़ा निवासी कल्याण सहाय जाट (36) पुत्र हरिनारायण जाट और भीलवाड़ा के शाहपुरा निवासी महेन्द्र भील (26) पुत्र भैरूराम भील की मौत हो गई। दोनों मृतक दादर नारदपुरा स्थित पत्थर खान में काम करते थे। सुबह करीब 10 बजे खान से पत्थर निकालने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान पहाड़ी से 20 फीट ऊंचाई से पत्थर टूटकर गिरा। वहां काम कर रहे कल्याण सहाय और महेन्द्र भील पत्थरों के नीचे दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूरों की मदद से दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

सार-समाचार

यादव समाज का परिचय सम्मेलन कल

जयपुर (कासं)। यादव समाज का विवाह परिचय सम्मेलन और गोठ 28 अगस्त को होगी। इसकी तैयारियों के लिए मंगलवार को कृष्ण माध्यमिक विद्यालय (यादव स्कूल), रामगंज में महिला यादव महासभा की अध्यक्ष फोरन्ता यादव के सानिध्य में नगर निगम कर्मचारी यूनियन की अध्यक्ष कोमल यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई, जहां कार्यक्रम की आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा की गई। बैठक में जयपुर जिला अहीर सभा के अध्यक्ष महेन्द्र यादव, जिला पदाधिकारी कृष्ण कुमार यादव, विनोद यादव, समाज के वरिष्ठजन गोरधन यादव, सत्यनारायण यादव, गिर्राज यादव, वीरेन्द्र यादव, शम्भू लाल यादव, राहुल यादव, राधामोहन यादव, कान्हा यादव मौजूद रहे। इसी प्रकार जिला महिला पदाधिकारियों के साथ मधु यादव, शिल्पा यादव, निशा यादव, दीपिका यादव, ममता यादव, मीनाक्षी यादव, नेहा यादव, सुमन यादव, मोनिका यादव, बबली यादव, कौशल्या यादव, सुनीता यादव, भोरी देवी, बीना यादव और सुमन यादव मौजूद थे।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

जयपुर (कासं)। आजाद क्रिकेट क्लब की ओर से स्व. अजय यादव की स्मृति में प्रथम रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजनकर्ता बलराम सिंह, नितिन श्रीवास्तव और प्रताप अजय यादव, मंजू राकेश बागड़ा पार्षद वार्ड 36, विकास डंगोरिया और गोविंद जैदिया रहे। प्रतियोगिता में सभी मैच नॉक आउट खेले गए। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। प्रताप अजय यादव ने विजेता टीम आजाद क्लब को 11 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जबकि उप विजेता गोलू इलेवन टीम को 5100 रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार गोलू जैदिया को 1100 रुपए नकद के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

नीलकंठ महादेव मंदिर में सहस्त्रघट



जयपुर (कासं)। सावन के पवित्र महीने में सोम प्रदोष के शुभ अवसर पर ज्योतिषाचार्य नरेन्द्र कुमार शर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर श्री नीलकण्ठ महादेव मंदिर, अजमेर रोड पर सहस्त्र घट व रुद्र अभिषेक हुआ। इस मौके पर गुरु महाराज पंडित प्रेम नारायण, सन्तोष देवी, कमल, अर्चना शर्मा, प्रिंस बाबू, धीरेन्द्र, सौरभ, बनवारी लाल और सावंत सिंह राठौड़ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पेयजल लाइन डालने के चक्कर में जलदाय विभाग ने 40 फीट सड़क को बना दिया दलदल, लोग परेशान

भांकरोटा के कमला नेहरू नगर और कनक विहार में खोद डाले 15 फीट तक गहरे खड्ढ़े



जलदाय विभाग ने भांकरोटा इलाके के कमला नेहरू नगर और कनक विहार में पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए 40 फीट रोड को पूरा खोद डाला। इस कारण यहां सड़क अब दरिया बनकर बहती है।

जयपुर (कासं)। मानसून में खुदाई पर कलेक्टर की रोक के बावजूद जलदाय विभाग ने भांकरोटा के कमला नेहरू नगर और कनक विहार में 40 फीट रोड खुदवा दी। पेयजल पाइप लाइन डालने के नाम पर 40 फीट रोड पर 15 फीट तक गहरे खड्ढ़े तो खोद लिये, लेकिन समय पर काम पूरा नहीं हुआ। इस कारण करीब आधा किलोमीटर तक की रोड पर बारिश का पानी भर गया। लोगों की नाराजगी के बाद जागे जलदाय विभाग ने आनन-फानन में करीब 200 मीटर की दूरी में खोदी गई सड़क पर मिट्टी डालकर लीपापोती कर दी। नतीजा यह हुआ कि यहां बारिश का पानी भरने से दलदल जम गया।

उधर भांकरोटा की कॉलोनियों में लोगों के आक्रोश की खबर पाकर सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी मंगलवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने जमीन पर बैठकर ही लोगों की समस्याएं सुनी। कनक विहार और कमला नेहरू नगर में 40 फीट सड़क को दरिया की तरह बहता देखकर विधायक अशोक लाहोटी भी सन्न रह गए। उन्होंने मौके पर जलदाय विभाग, जेडीए और नगर निगम के अफसरों को फोन करके मौके पर बुलाया और नाराजगी जताई तो किसी से भी जवाब देते नहीं बना।

लाहोटी ने अफसरों को लताड़ते हुए पूछा कि कनक विहार और कमला नेहरू नगर और इसके आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले हजारों लोगों की आवाजाही तक आपने बंद कर दी। न लोग घर से निकल पा रहे हैं, न बच्चें स्कूल जा पा रहे है। यहां तक कि लोगों के सामने अपनी गाड़ियां खड़ी करने की दिक्कतें भी आ गई है। आखिर कलेक्टर की रोक के बावजूद यहां 15 फीट तक खड्ढ़े खोदकर पाइपलाइन डालने की जरूरत अचानक कहां से आ गई थी। अगर पाइपलाइन डाली भी जा रही थी तो पाइप लाइन के साथ ही सड़क पर मिट्टी-ग्रेवल डालकर रोलर चलाकर काम पुख्ता करना था। लोगों की गाड़ियां कीचड़ के बीच फंस रही है, लोग सीढ़ी लगाकर सड़क के एक तरफ से दूसरी तरफ आ रहे हैं, ऐसा क्यों?

इसके बाद विधायक अशोक लाहोटी ने जेडीए और नगर निगम के इंजीनियर्स को लताड़ते हुए कहा कि आपके क्षेत्राधिकार में जलदाय विभाग ने इतनी बड़ी सड़क खोदकर पटक दी, आखिर आप लोग कर क्या रहे थे? अब जानकारी न होने की बात कहकर आप लोग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकते। जलदाय विभाग के साथ-साथ जेडीए और नगर निगम भी इस घटनाक्रम में दोषी है। लाहोटी ने कहा कि वे जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से मिलकर दोषी अफसरों की शिकायत करेंगे। इस प्रकरण में जेडीए के जोन-7 के अधिशाषी अभियंता दीपक माथुर ने बताया कि सड़क पर पाइपलाइन डालने की परमिशन तो हमने दी थी, लेकिन मानसून के दौरान यह काम करने की इजाजत नहीं थी। आपातकाल की स्थिति होने पर यह परमिशन कलेक्टर ही जारी करते हैं। इसके बावजूद जलदाय विभाग के ठेकेदार ने लापरवाही से काम करते हुए पूरी सड़क खोद डाली। वहीं नगर निगम के मानसरोवर जोन के अधिशाषी अभियंता से संपर्क करना चाहा, लेकिन उनका मोबाइल बंद था।